





# घटिया निर्माण और लापरवाही से लोग परेशान

▶ छतरपुर में निकासी व्यवस्था चरमराई





**छतरपुर, 15 नवंबर. शहर के कई वार्ड इन दिनों अव्यवस्थाओं से जूझ रहे हैं. स्थानीय निवासियों का कहना है कि नाली और पुलिया निर्माण में भारी अनियमितताएँ हुई हैं, जिसके कारण पूरा क्षेत्र पानी, गंदगी और मच्छरों के दायरे में घिर गया है.**

लोगों का आरोप है कि निर्माण में न तो पर्याप्त सीमेंट का इस्तेमाल हुआ और न ही सरिया की सही मात्रा डाली गई, जिसके चलते नई बनी संरचनाएँ कुछ ही महीनों में टूटने लगीं. वार्ड नंबर 19 में तो स्थिति और भी खराब है. यहाँ की नालियां जगह-जगह धँस चुकी हैं और पुलिया गलत स्थान पर बनाई गई, जिससे पानी निकलने की जगह उल्टे रुकने लगा. कई घरों के सामने लगातार पानी भरने से मच्छरों की बढ़ोतरी हो रही है और बीमारियों की आशंका गहराने लगी है. कुछ परिवारों ने तो सड़क पर बने गड्ढों को मिट्टी डालकर खुद ही पाटना शुरू कर दिया है ताकि रोजाना आने-जाने में परेशानी न हो. निवासियों का कहना है कि नालियों की सफाई भी महीनों से नहीं हुई. शिकायतें कई बार की गईं, लेकिन नगर पालिका का अमला मौके पर नहीं आया. स्थानीय पार्षद और नगर पालिका अधिकारियों से संपर्क करने की कोशिश की गई, मगर फोन लगातार बंद या अनरीचेबल मिला, जिससे लोगों का रोष और बढ़ गया है.

> दूसरी ओर, महोबा रोड पर बस स्टैंड से आरटीओ कार्यालय तक डिवाइडर निर्माण की सुस्ती भी नागरिकों की मुसीबतें बढ़ा रही है. अधूरे पड़े काम और उखड़ी सड़क पर बने गहरे गड्ढों के कारण वाहनों की आवाजाही जोखिमभरी हो गई है. राहगीरों को रोजाना धूल, जाम और दुर्घटनाओं के खतरे से जूझना पड़ता है. शहर के लोग लगातार मांग कर रहे हैं कि निर्माण की गुणवत्ता की जांच हो, अधूरे काम जल्द पूरे किए जाएं और अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए, ताकि बुनियादी सुविधाओं के अभाव में हो रही परेशानियों से उन्हें राहत मिल सके.

## पटरी के पास अज्ञात युवक का शव मिला

**बुधनी.** शनिवार सुबह रेलवे लाईन के पास अज्ञात युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई. प्राथमिक जांच में युवक के ट्रेन से गिरने की आशंका व्यक्त की गई है. जीआरपी पुलिस ने मर्ग कायम कर युवक के शव का पोस्टमार्टम कराते हुए शिनाख्त के प्रयास जारी कर दिए हैं. गौरतलब है कि नगर लम्बे समय से रेलवे लाइन के कारण दो हिस्सों में बंटा हुआ है. माना क्षेत्र के रहवासियों को दैनिक कार्यों के लिए पैदल ही रेलवे लाइन पार करनी पड़ती है. इसी जोखिम भरी व्यवस्था के चलते पूर्व में भी कई गंभीर दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें जानमाल का नुकसान हुआ है. कई दशकों से चली आ रही इस समस्या के समाधान के लिए पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने क्षेत्र को अंडरब्रिज की सौगात दी थी. निर्माण कार्य प्रारंभ होने पर लोगों में राहत की उम्मीद जगी थी.

## मेंटेनेंस कार्य के चलते ढड़ारी-हमा क्षेत्र में बाधित रही बिजली




**छतरपुर, 15 नवंबर. शनिवार 15 नवंबर को छतरपुर तहसील के ढड़ारी, हमा और आसपास के इलाकों में निर्धारित समय के अनुसार बिजली आपूर्ति बाधित रही.**

विद्युत विभाग द्वारा घोषित रखरखाव (मेंटेनेंस) कार्य के चलते सुबह 10 बजे से शाम लगभग 4 बजे तक फीडरों की विद्युत व्यवस्था पूरी तरह बंद रही. गढ़ीमलहरा उपकेंद्र से जुड़े फीडरों पर तकनीकी सुधार, लाइन चेकिंग और आवश्यक रिपेयरिंग का कार्य किया गया. विभाग के अनुसार मेंटेनेंस के दौरान कई स्थानों पर ढीले कनेक्शन, ट्रांसफार्मर लोड और लाइन फॉल्ट जैसे बिंदुओं की जांच की गई, ताकि आगामी दिनों में सुचारू बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके. बिजली बाधित रहने से गांवों में दिनभर घरेलू कार्य प्रभावित रहे, वहीं पानी की सप्लाई भी कुछ क्षेत्रों में धीमी रही. विभाग ने नागरिकों से सहयोग के लिए आभार जताते हुए बताया कि मेंटेनेंस पूरा होने के बाद शाम को बिजली आपूर्ति दोबारा बहाल कर दी गई है. विद्युत विभाग ने आगे भी समय-समय पर ऐसे रूटीन रखरखाव कार्य जारी रखने की बात कही, ताकि फॉल्ट और ट्रिपिंग की समस्या कम हो सके.

### एक नजर में



## बेटे के जन्म की खुशी में आतिशबाजी से हाथ में हुआ विस्फोट, पिता अस्पताल में भर्ती

**छतरपुर, 15 नवंबर.** नगर में खुशी का पल अचानक हादसे में बदल गया. सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के संकट मोचन इलाके में रहने वाले हीरालाल कुशवाहा देर रात जिला अस्पताल में पिता बने थे. उनके घर बेटे का जन्म हुआ, जिसके बाद पूरे परिवार में खुशी का माहौल था. हीरालाल सुबह अपने घर लौटे और जश्न के तौर पर आतिशबाजी करने लगे. परिजनों के अनुसार, आतिशबाजी के दौरान हीरालाल ने एक पटाखा हाथ में पकड़कर जलाया, जो अचानक तेज धमाके के साथ फट गया. दोपहर लगभग 1 बजे हुए इस हादसे के तुरंत बाद परिजन उन्हें जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उनका उपचार जारी है. हाथ में गंभीर चोटें आने की वजह से डॉक्टर उनकी स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं. परिवार के सदस्यों ने बताया कि खुशी का जश्न मनाते समय हुई छोटी-सी लापरवाही बड़े हादसे में बदल गई. पटाखा जलने में देरी होने के कारण हीरालाल ने उसे हाथ से फेंकने की कोशिश भी की, लेकिन अचानक विस्फोट हो गया.

## क्रिकेट लीग टूर्नामेंट सौरा में 17 नवंबर से

**हरपालपुर, 15 नवंबर.** नजदीकी ग्राम सौरा के जूनियर हाई स्कूल डॉ.भीमराव अंबेडकर खेल मैदान में क्रिकेट लीग मैच का सोमवार 17 नवम्बर को उद्घाटन शुभारंभ हमीरपुर-महोबा सांसद अजेन्द्र राजपूत द्वारा किया जा रहा है, मैच में विजेता टीम को 21 हजार और उप विजेता टीम को 11 हजार रुपये ट्राफी प्रदान की जाएगी.

## विद्यार्थियों को बताए अर्थशास्त्र के टॉपिक



**सीहोर.** तहसीलदार डॉ अमित सिंह ने शासकीय लाइब्रेरी में संचालित यूपीएससी एवं एमपीपीएससी निशुल्क कोचिंग क्लासेज के छात्र-छात्राओं को अर्थशास्त्र पढ़ाया. उन्होंने छात्र-छात्राओं को बताया कि हमें रोजाना न्यूजपेपर तो पढ़ना ही चाहिए, बल्कि इसमें कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी जैसे डायनामिक टॉपिक जरूर पढ़ना चाहिए. इससे इस क्षेत्र में हमारी गहन समझ विकसित होती है. उन्होंने सतत विकास की अवधारणा को भी स्पष्ट और सरल तरीके से समझाया.

## फनकार इवेंटस के कार्यक्रम ने रिझाया



**आष्टा .** बाल दिवसपर गोकुल धाम में जयश्री ज्वेलर्स के तत्वधान में फनकार इवेंट्स ग्रुप द्वारा मेले का आयोजन किया गया. बाल मेले का समापन शनिवार को किया गया. मेले में 40 तरह के व्यंजनों के स्टाल लगे थे. इसके साथ ही बच्चों के मनोरंजन के लिए गेम्स जोन में स्केरी हाउस, मिक्की माउस, ट्रेमपालिन के साथ अन्य गेम्स में बच्चों के साथ वयस्कों ने भी मनोरंजन किया. इसके अलावा मेले में भक्तिमय माहौल के लिए इस्कॉन सेंटर द्वारा भी स्टाल लगाया गया था. मेले के दौरान इस्कॉन सेंटर के प्रभुजी द्वारा धर्म के बारे में बताया गया ओर बच्चों द्वारा नृत्य की सुंदर प्रस्तुति दी गई. शनिवार को बाल मेले का रंगारंग समापन किया गया.

## नेहरु ने देश को एक नई दशा और दिशा प्रदान की : गुजराती

**सीहोर.** जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजीव गुजराती के नेतृत्व में पूर्व प्रधानमंत्री स्व.पं. जवाहरलाल नेहरू की जंयती मनाई गई. इस मौके पर राजीव गुजराती ने कहा कि पं. नेहरु ने देश को एक नई दशा और दिशा प्रदान की. कार्यक्रम में प्रीतम दयाल चौरसिया, राजेन्द्र वर्मा, सीताराम भारती, विवेक राठौर, निशांत वर्मा, डॉ.अनीस खान, सुनील दुबे, सुरेश बाबू राठौर, नरेन्द्र खंगराले, घनश्याम यादव, मुनव्वर मामू, प्रेमनारायण परमार, योगेन्द्र राय, ईश्वर सिंह चौहान, केके रिछारिया, भगत सिंह तोमर, कमलेश चाण्डक, आसिफ अंसारी, यश यादव, शुभम लक्की सक्सेना मौजूद थे.

## निरीक्षण के दौरान नदारद शिक्षकों पर होगी कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**इछावर 15 नवंबर.** शैक्षणिक व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा विद्यालयों में अनुशासन की वास्तविक स्थिति जानने के उद्देश्य से संकुल प्राचार्य बाबूलाल मालवीय ने विद्यालयों का निरीक्षण किया. निरीक्षण में माध्यमिक शाला लोटिया, माध्यमिक शाला सोहनखेड़ा, हाई स्कूल सोहनखेड़ा, प्राथमिक शाला बड़ी बीड़ शामिल थे. निरीक्षण के दौरान विद्यालयों की उपस्थिति, शिक्षण कार्य, अभिलेखों का रखरखाव, स्वच्छता व्यवस्था तथा विद्यार्थियों के अध्ययन स्तर का देखा. अधिकांश विद्यालयों में व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गई. किन्तु कुछ स्थानों पर लापरवाही भी सामने आई. माध्यमिक शाला लोटिया में अतिथि शिक्षक मधुरम राठौर समय पर विद्यालय में उपस्थित नहीं मिले. हाई स्कूल सोहनखेड़ा में अतिथि शिक्षिका श्रीमती संध्या वर्मा भी अनुपस्थित पाई गई. दोनों शिक्षकों की अनुपस्थिति को गंभीरता से लेते हुए संकुल प्राचार्य ने तत्काल प्रभाव से एक-एक दिन का वेतन काटने के निर्देश जारी कर दिए.

श्री मालवीय ने कहा कि शिक्षण कार्य में लापरवाही किसी भी स्तर पर स्वीकार्य नहीं है. उन्होंने उपस्थित शिक्षकों को भी निर्देशित किया कि वे समय-सीमा, शिक्षण गुणवत्ता तथा विद्यार्थियों के प्रति जिम्मेदारियों को सर्वोच्च प्राथमिकता दें. आगे भी ऐसे औचक निरीक्षण नियमित रूप से किए जाएंगे.

## सामाजिक सद्भाव व राष्ट्रीय एकता का दिया संदेश





▶ मंत्री वीरेन्द्र खटीक के नेतृत्व में 'एकता मार्च आयोजित


▶ सुबह 11 बजे चौपाटी प्रताप सागर से शुरू हुआ मार्च

**छतरपुर, 15 नवंबर. केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री और स्थानीय सांसद डॉ. वीरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में शनिवार 15 नवंबर को छतरपुर शहर में भव्य 'यूनिटी मार्च' (एकता मार्च) का आयोजन किया गया.**

सुबह 11 बजे चौपाटी प्रताप सागर से शुरू हुए इस विशाल मार्च में शुरुआत से ही जबरदस्त उत्साह देखने को मिला. मार्च में सामाजिक सद्भाव, भाईचारा और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया गया. इसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, महिलाएं, युवाओं के संगठन और कई सामाजिक संस्थाओं ने भाग लिया. पूरे मार्ग में एकता में शक्ति है के नारे गूंजते रहे और लोग तिरंगे झंडे के साथ कदम से कदम मिलाते हुए आगे बढ़ते दिखे. कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री ने कहा कि समाज में एकता, सौहार्द और समरसता ही देश को मजबूती प्रदान करती है. उन्होंने भाग लेने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि छतरपुर ने फिर साबित किया है कि यहां की जनता देशहित और सामाजिक एकता के लिए हमेशा अग्रणी रहती है. मार्च शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ और शहर में देशभक्ति व एकजुटता का माहौल छाया रहा.

## बिरसा मुंडा के योगदान का किया स्मरण

▶ चंदला महाविद्यालय में विविध गतिविधियों का आयोजन



**चंदला, 15 नवंबर. शासकीय महाविद्यालय चंदला जिला छतरपुर में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जयंती के उपलक्ष्य में प्राचार्य नफीस अहमद के मार्गदर्शन में एक नवंबर से विविध गतिविधियां, भाषण और विचार गोष्ठी, प्रश्न मंच, निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया.**

14 नवंबर को गौरव दीक्षित, अध्यक्ष जनभागीदारी समिति, एवं प्राचार्य नफीस अहमद ने जनजातीय समुदाय के एचएम टोप्पो, प्राचार्य हाई स्कूल बंजारी एवं रवि कोंदर शिक्षक हाई स्कूल बंसिया को शाल एवं माल्यार्पण से सम्मानित किया, अतिथियों का स्वागत करते हुए नफीस अहमद ने जनजातीय समाज के उत्थान में बिरसा मुंडा के योगदान को स्मरण किया. गौरव दीक्षित ने कहा कि युवाओं को बिरसा मुंडा के जीवन चरित्र से प्रेरणा लेनी चाहिए. टोप्पो एवं रवि कोंदर ने बिरसा मुंडा के जीवन संघर्ष और जनजातीय संस्कृति पर प्रकाश डाला. कार्यक्रम का संचालन डॉ अमर दीप सोनी ने किया, और कार्यक्रम के अंत में आभार डॉ बीरेन्द्र तिवारी ने व्यक्त किया. कार्यक्रम में डॉ. राजेंद्र सिंह चौहान, अन्य स्टाफ, छात्र-छात्राएं, राष्ट्रीय सेवा योजना के पुरुष और महिला इकाई के स्वयंसेवक उपस्थित रहे.

## शराब तस्करी के शक में युवकों से मारपीट

▶ शाहगंज पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ किया प्रकरण दर्ज

▶ घटना के बाद ग्रामीणों में रोष, सख्त कार्रवाई की मांग




नवभारत न्यूज

**शाहगंज 15 नवंबर.** एक दिल दहला देने वाला वीडियो इन दिनों जमकर वायरल हो रहा है. वीडियो इंसानियत को शर्मसार कर रहा है. शराब के कारोबार से जुड़े दबंगों की हैवानियत इस कदर हावी हुई कि नाबालिग सहित दो मासूम युवकों को शराब तस्कर समझकर लात-घूंसों, जूते-चप्पलों और पाइप से पीटते रहे. पुलिस ने वायरल वीडियो के आधार पर आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है.

जानकारी के अनुसार घटना 10 नवंबर की रात करीब 11 बजे नर्मदापुरम रोड़ शाहगंज की बताई जा रही है जब आयुष जोशी अपने खेत से घर लौट रहे थे, तभी मंशाराम, दीपक और राजेश गुर्जर ने रोक लिया. शराब बेचने की झूठी आशंका में उनकी तलाशी ली गई और उनसे मारपीट की गई. उनकी चीखें सुनकर राह से गुजर रहे चेतन नामदेव ने मदद करने की कोशिश की. लेकिन दबंगों ने उसे भी पीटना शुरू कर दिया.क्रूरता इतनी भयावह थी कि आसपास मौजूद लोग डर के मारे आगे आने की हिम्मत नहीं जुटा पाए. युवकों को धमकी दी गई कि थाने गए तो जिंदा नहीं छोड़ेंगे. यही डर उनके पैरों को दो दिन तक पुलिस तक ले जाने से रोकता रहा. वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ. 15 नवंबर को पीड़ित आयुष ने पिता के साथ थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई, जिसके बाद तीनों आरोपियों पर प्रकरण दर्ज किया गया.

इस संबंध में एसडीओपी रवि शर्मा का कहना है कि वीडियो हमारे संज्ञान में आया है. वीडियो की सत्यता की पुष्टि की जा रही है. दोषियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है.

## सूदखोरों के आतंक से परेशान हुआ युवक हुआ लापता

नवभारत न्यूज

**बुधनी 15 नवंबर.** आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में ब्याजखोरी का धंधा एक बार फिर सुर्खियों में है. नगर में 10 से 20 प्रतिशत तक की भारी ब्याज दरों पर खुलेआम अवैध लेन-देन का कारोबार तेजी से फैल रहा है. हाल ही में इसी प्रताड़ना का शिकार एक युवक मानसिक तनाव के चलते घर से लापता हो गया था. मामले की सूचना मित्रों एवं स्थानीय मीडिया प्रतिनिधियों तक पहुंची. मीडिया ने तत्परता दिखाते हुए युवक का पता लगाया. उसे समझाया और सुरक्षित रूप से परिजनों के सुपुर्द किया. सूत्रों के मुताबिक सूदखोरों का नेटवर्क न केवल नगर बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी सक्रिय है. जरूरतमंदों को आसान शर्तों का लालच देकर पैसे दिए जाते हैं, लेकिन बाद में मनमाना ब्याज वसूला जाता है. नाम न छापने की शर्त पर एक युवक ने बताया कि उसने कुछ समय पूर्व पांच हजार रुपए कर्ज लिए थे, जिन पर दस प्रतिशत से अधिक ब्याज लगाया गया. उसने बताया कि मूल रकम से कई गुना राशि चुका देने के बाद भी सूदखोरों का दबाव कम नहीं हुआ और लगातार पैसे की मांग व मानसिक प्रताड़ना जारी रही.

## अभी भी जारी है जांच में देरी का ट्रेंड, मिलावटखोरी को शह

**सीहोर 15 नवंबर. खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा शहर के विभिन्न बाजारों से करीब दो सप्ताह पहले खाद्य सामग्री के सैम्पल लिए गए थे, लेकिन अभी तक उनकी जांच रिपोर्ट जारी नहीं की गई है. रिपोर्ट में देरी होने के कारण उपभोक्ताओं और दुकानदारों में नाराजगी बढ़ती जा रही है.**

दीपावली जैसे बड़े पर्व से ठीक पहले जिले में खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने के उद्देश्य से शुरू किया गया 'शुद्ध के लिए युद्ध' अभियान सिर्फ औपचारिकता साबित होता दिख रहा है. हर साल चलने वाला 'शुद्ध के लिए युद्ध' अभियान इस बार भी सिर्फ कागज़ी कार्रवाई बनकर रह गया है. दीपावली से ठीक पहले 15 अक्टूबर को जिलेभर में लिए गए खाद्य सैंपलों की रिपोर्ट एक महीने बाद भी जारी नहीं हुई। जबकि नियम के मुताबिक 14 दिन में रिपोर्ट मिलना अनिवार्य है.

दुकानदारों का कहना है कि रिपोर्ट नहीं आने के कारण वे अनिश्चितता की स्थिति में हैं. यदि कोई सैम्पल फेल हो जाता है तो उसके आधार पर कार्रवाई होनी होती है, लेकिन रिपोर्ट ही नहीं आने से व्यापार प्रभावित हो रहा है. इसके साथ ही उपभोक्ताओं को भी असमंजस है कि बाजार में बिक रही सामग्री सुरक्षित है या नहीं.

उपभोक्ताओं का आरोप है कि विभाग के ढीले रवैये के कारण मिलावटखोरों के हौसले बुलंद हैं. त्योहारों का सीजन नजदीक होने के चलते शहर में पहले ही मिलावटी उत्पादों की आशंका रहती है, ऐसे में रिपोर्ट आने में देरी खाद्य सुरक्षा के लिए चिंता का विषय है. जिला चार विधानसभा क्षेत्रों आष्टा, सीहोर, इछावर और बुदनी में फैला है। यहां हजारों होटल, मिठाई दुकानें, रेस्टोरेंट व मावा प्रतिष्ठान संचालित हैं. इसके बावजूद प्रशासन ने कुछ ही दुकानों से ही सैंपल लिए और जो सैंपल लिए गए थे, उनकी रिपोर्ट भी समय पर नहीं आई. यह स्थिति साफ दर्शाती है कि आमजन के स्वास्थ्य को लेकर खाद्य विभाग की गंभीरता संदिग्ध है. सेंपल रिपोर्ट आने की देरी के बारे में पूछने पर खाद्य निरीक्षक सारिका गुप्ता ने कहा कि प्रदेशभर से बड़ी संख्या में सैंपल जांच के लिए गए होंगे, लैब पर दबाव बढ़ा होगा, इसलिए देरी हो रही है, लेकिन बड़ा सवाल यही है कि यदि कुछ चुनिंदा सैंपलों की रिपोर्ट भी समय पर नहीं आ सकती, तो मिलावट पर लगाम कैसे लगेगी.

**गौरव दिवस** ▶ भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती पर उत्साह के साथ मनाया जनजातीय गौरव दिवस

## सभी जातियों और समाज से मिलकर बना हमारा राष्ट्र



नवभारत न्यूज

**भैरुंदा 15 नवंबर.** भगवान बिरसा मुंडा की जयंती एवं जनजातीय गौरव दिवस पर लाड़कुई में कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस अवसर पर रथ यात्रा भी निकाली गई. कार्यक्रम में राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं नागरिक शामिल हुए.

कार्यक्रम में कन्या शिक्षा परिसर की छात्राओं द्वारा जनजातीय संस्कृति की अनुपम छटा बिखेरते हुए सामूहिक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गई. इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल संबोधित किया. कार्यक्रम में राज्य स्तरीय समारोह का लाइव प्रसारण भी दिखाया गया. कार्यक्रम में राजस्व मंत्री वर्मा ने कहा भगवान बिरसा मुंडा ऐसे पराक्रमी योद्धा थे जिन्होंने अंग्रेजों की नाक में दम कर रखा था. टंट्या मामा और रानी दुर्गावती का भी हमारे देश की आजादी में महत्वपूर्ण योगदान है.

उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा के महान योगदान को सम्मान देने के लिए उनकी जन्म शताब्दी मनाने का निर्णय लिया है. सभी जातियों एवं समाज से मिलकर हमारा राष्ट्र बना है. इन सब से ऊपर उठकर हमारे लिए राष्ट्र ही सर्वोपरि होना चाहिए तथा हमें राष्ट्र के लिए कार्य करना चाहिए. इस अवसर पर विधायक रमाकांत भार्गव, भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, निगम अध्यक्ष श्रीमती निर्मला सुनील बारेला ने भी संबोधित किया.कार्यक्रम में रघुनाथ भाटी, रवि मालवीय, जनपद अध्यक्ष मंजू अवध पटेल, कलेक्टर बालागुरू के., जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सर्जना यादव, एसडीएम सुधीर कुशवाह, जनपद सीईओ संजय अग्रवाल, अरविंद कुशवाह, पंकज गुप्ता, श्यामलाल ठाकुर आदि उपस्थित थे. इस अवसर पर ग्राम नादान से लाड़कुई तक भव्य रथयात्रा निकाली गई. यह यात्रा नादान से प्रारंभ हुई और विभिन्न ग्रामों से भगवान बिरसा मुंडा के योगदान को स्मरण कराते हुए लाड़कुई पहुंची.